भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग
निर्माण भवन, नई दिल्ली-**11**

फा. सं.________ दिनांक:

## आवेदन मंगाने हेतु सूचना

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अन्वेषण-सह-चयन समितियों की ओर से राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2023 के अधीन राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग और स्वायत्त बोर्डों अर्थात स्नातक और स्नातकोत्तर दंत-चिकित्सा शिक्षा बोर्ड, दंत चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड तथा आचार और दंत-चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड के निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:-

| क्र.सं. | पद की श्रेणी | पदों की संख्या | वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष, राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग | 01 | 182,200-224,100 रु./- (स्तर 15) |
| 2. | सचिव, राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग | 01 | 144200-218200 रु./- (स्तर 14) |
| 3. | धारा 4 की उपधारा (4) के खंड (क) के अधीन अंशकालिक सदस्य | 03 | लागू नहीं |
| 4. | अध्यक्ष, स्नातक और स्नातकोत्तर दंत चिकित्सा शिक्षा बोर्ड | 01 | 144200-218200 रु./- (स्तर 14) |
| 5. | अध्यक्ष, दंत चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड | 01 | 144200-218200 रु./- (स्तर 14) |
| 6. | अध्यक्ष, आचार और दंत चिकित्सा पंजीकरण | 01 | 144200-218200 रु./- (स्तर 14) |
| 7. | पूर्णकालिक सदस्य, स्नातक और स्नातकोत्तर दंत चिकित्सा शिक्षा बोर्ड | 02 | 144200-218200 रु./- (स्तर 14) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | पूर्णकालिक सदस्य, दंत चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड | 02 | 144200-218200 रु./- (स्तर 14) |
| 9. | पूर्णकालिक सदस्य, आचार और दंत चिकित्सा पंजीकरण | 02 | 144200-218200 रु./- (स्तर 14) |
| 10. | अंशकालिक सदस्य, स्नातक और स्नातकोत्तर दंत चिकित्सा शिक्षा बोर्ड | 01 | लागू नहीं |
| 11. | अंशकालिक सदस्य, दंत चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड | 01 | लागू नहीं |
| 12. | अंशकालिक सदस्य, आचार और दंत चिकित्सा पंजीकरण | 01 | लागू नहीं |

2. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से ठीक तीस दिन होगी।

3. डाउनलोड किए जाने योग्य आवेदन प्रपत्र सहित पद, पात्रता शर्तें आदि का विवरण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट https://main.mohfw.gov.in/ से प्राप्त किया जा सकता है। कोई उम्मीदवार अपनी पात्रता अनुसार एक से अधिक पदों, परंतु अधिकतम तीन पदों, के लिए आवेदन कर सकता/सकती है। यदि उम्मीदवार तीन से अधिक पदों के लिए आवेदन करता है तो प्रथम तीन पदों के लिए प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा और शेष पदों के लिए किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. निर्धारित प्रपत्र में पूर्णत: भरे गए आवेदन- "अवर सचिव (दंत चिकित्सा), कमरा सं. 504 'ए' विंग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-011 को भेजा जा सकता है अथवा dentaledu-mohfw@gov.in को ईमेल किया जा सकता है।

5. निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त हुए या अलग प्रपत्र में भरे गए या अन्यथा अपूर्ण पाए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

cbc 17101/11/0019/2324

(2)